गाजीपुर में कागज का कारखाना

१७६६. { **श्री सरजू पाण्डेय :**
श्री ज० ब० सिंह :

क्या **वाणिज्य तथा उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गाजीपुर (उत्तर प्रदेश) में कागज का एक कारखाना स्थापित होने वाला है ;

(ख) यदि हां, तो उक्त कारखाने की स्थापना के लिये विदेशी मुद्रा की आवश्यकता होगी ;

(ग) यदि हां, तो कितनी; और

(घ) इस कारखाने की उत्पादन-क्षमता क्या होगी ?

वाणिज्य तथा उद्योग मंत्रालय में उद्योग मंत्री (श्री कानूनगो) : (क) गाजीपुर में कागज का एक कारखाना खोलने के लिये लाइसेंस दिया जा चुका है ।

(ख) और (ग). इसके लिये मशीनें देशी साधनों से ही ली जायेगी ।

(घ) १,५०० टन प्रति वर्ष ।

उत्तर प्रदेश में उद्योग

१७६७. { **श्री सरजू पाण्डेय :**
श्री ज० ब० सिंह :

क्या **वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में कौन-कौन से उद्योग प्रथम, द्वितीय और तृतीय पंचवर्षीय योजनाओं के अन्तर्गत विदेशी सहायता से स्थापित किये गये हैं ;

(ख) प्रत्येक उद्योग में कौन-कौन सी वस्तुएं बनाई जाती हैं और प्रत्येक की उत्पादन-क्षमता क्या है; और

(ग) इन में से कितने सरकारी क्षेत्र में और कितने गैर-सरकारी क्षेत्र में हैं ?

वाणिज्य तथा उद्योग मंत्रालय में अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मंत्री (श्री मनुभाई शाह) : (क) से (ग). तक जहाँ तक सरकारी क्षेत्र के उद्योगों का सम्बन्ध है, माँगी गई जानकारी देने वाला एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है [**पुस्तकालय में रखा गया देखिये** संख्या एल. टी० ११२०/६३]

उत्तर प्रदेश के गैर-सरकारी क्षेत्र के उन उद्योगों के बारे में, जिन्हें पूंजीगत वस्तुओं का आयात करने के उद्देश्य से विदेशी ऋण का इस्तेमाल करने के लिये विदेशी सहायता अथवा टैक्निकल या वित्तीय विदेशी सहयोग मिला है, पूरी जानकारी इकट्ठी करने में जितना श्रम लगेगा वह उक्त जानकारी की उपयोगिता को देखते हुये बहुत अधिक होगा ।

Import of Foreign Films

1798. Shri Rama Chandra Mallick: Will the Minister of **Commerce and Industry** be pleased to state the total number of Foreign Films imported to our country from 1960 to date?

The Minister of International Trade in the Ministry of Commerce and Industry (Shri Manubhai Shah): The statistics of import of films are available in lengths of metres and not in numbers. The quantity (in lengths or metres) of exposed cinematograph films, whether developed or not, imported during the years 1960, 1961, 1962 and 1963 (upto January 1963) is given below:

Year	*Quantity (in '000' LMT)*
1960	5094
1961	5149
1962	5596